प्रेसनोट- थाना कोतवाली

जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक – 30.06.2026

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, शाहजहाँपुर पुलिस, जिला प्रशासन एवं मंडी प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में प्रतिष्ठित ब्रांड 'राजधानी बेसन' के नाम पर फर्जी बेसन तैयार करने वाली इकाई का भंडाफोड़, लगभग ₹32 लाख मूल्य का माल सीज

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जिला प्रशासन एवं मंडी प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में प्रतिष्ठित ब्रांड 'राजधानी फ्लोर मिल्स लिमिटेड' के 'राजधानी बेसन' के नाम पर फर्जी बेसन तैयार करने वाली इकाई का भंडाफोड़, लगभग ₹32 लाख मूल्य का माल सीज।

संक्षिप्त विवरणः-

आज दिनांक 30.06.2026 को श्री भूमेश गौड़, अधिकृत प्रतिनिधि, मै० राजधानी फ्लोर मिल्स लिमिटेड, बी-30, लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली तथा विक्टोरिया फूड्स प्रा० लि० के अधिकृत आरएसएम द्वारा श्रीमान जिलाधिकारी महोदय, जनपद शाहजहाँपुर को शिकायत प्रेषित की गई कि उनकी कंपनी के प्रतिष्ठित ब्रांड "राजधानी" के नाम से कूटरचित (डुप्लीकेट/नकली) बेसन एवं दालों का निर्माण कर बाजार में विक्रय किया जा रहा है, जिससे कंपनी की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है तथा आर्थिक क्षति पहुँच रही है। शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए श्रीमान जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए), शाहजहाँपुर पुलिस, जिला प्रशासन एवं मंडी प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जियाखेल स्थित मै० आरव उद्योग, प्रो० अनुराधा अग्रवाल पत्नी विकास अग्रवाल निवासी मोहल्ला जियाखेल, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर के प्रतिष्ठान पर औचक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान प्रतिष्ठित ब्रांड "राजधानी" के नाम से फर्जी बेसन एवं दालों के निर्माण एवं पैकेजिंग करने वाली अवैध इकाई का भंडाफोड़ किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रतिष्ठित कंपनी "राजधानी" के नाम एवं पैकिंग सामग्री का दुरुपयोग कर नकली बेसन एवं दालें तैयार कर उन्हें असली उत्पाद के रूप में बाजार में बेचा जा रहा था। इस प्रकार उपभोक्ताओं को भ्रमित कर उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किए जाने के साथ-साथ कंपनी की साख एवं ब्रांड की प्रतिष्ठा को भी गंभीर क्षति पहुँचाई जा रही थी। कार्रवाई के दौरान लगभग ₹32,87,000/- (बत्तीस लाख सतासी हजार रुपये) मूल्य का तैयार बेसन एवं दालें, राजधानी ब्रांड के लगभग 550 भरे हुए बोरे, पैकिंग मशीन सहित अन्य पैकेजिंग सामग्री एवं उपकरण बरामद कर नियमानुसार सीज किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी । साथ ही, श्री भूमेश गौड़, अधिकृत प्रतिनिधि, मै० राजधानी फ्लोर मिल्स लिमिटेड एवं विक्टोरिया फूड्स प्रा० लि० द्वारा थाना कोतवाली पर दी गई तहरीर के आधार पर यह आरोप लगाया गया कि उक्त प्रतिष्ठान की संचालिका अनुराधा अग्रवाल द्वारा "राजधानी" ब्रांड के नाम से नकली बेसन एवं दालों का निर्माण एवं विक्रय कर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित किया जा रहा है, जिससे कंपनी की प्रतिष्ठा एवं ब्रांड की साख को नुकसान पहुँचा है। उक्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। प्रकरण में वैज्ञानिक एवं अन्य ठोस साक्ष्यों का संकलन कर दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0स0 215/26 धारा 103/104 ट्रैडमार्क अधिनिमय 1999 एवं धारा 346/347/348 बीएनएस थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।

नामित अभियुक्तः-

मै० आरव उद्योग, प्रो० अनुराधा अग्रवाल पत्नी विकास अग्रवाल निवासी मोहल्ला जियाखेल, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर

कार्यवाही का दिनांक व समय व स्थान –

आरव उद्योग थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर समय करीब 12.00 बजे दिनांक 30.06.2026

मौके पर सीज किया गया माल-

1. 14 बोरे मटर दाल 418 किलोग्राम
2. 540 बोरे मसूर दाल 16198 किलो ग्राम
3. 200 खाली बोरे राजधानी बेसन ब्रांड लिखा हुआ
4. 1300 बोरो मे रखी दाल (मात्रा लगभग 386 कुन्तल)

कुल कीमत लगभग 3287000 रुपये

छापेमारी के दौरान उपस्थित टीम :-

1. श्रीमान नगर मजिस्ट्रेट महोदय, शाहजहाँपुर
2. श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर महोदय, जनपद शाहजहाँपुर
3. खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जनपद शाहजहाँपुर मय टीम
4. मंडी प्रशासन, जनपद शाहजहाँपुर मय टीम
5. श्री भूमेश गौड़, अधिकृत प्रतिनिधि, मै० राजधानी फ्लोर मिल्स लिमिटेड, दिल्ली, मय टीम
6. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार राय, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर, मय पुलिस बल
7. उपनिरीक्षक श्री विनय कुमार,थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर,मय पुलिस बल